# कैटलिस्ट कॉलेज के 81 छात्रों का हुआ विप्रो टेक्नोलॉजी में कैम्पस प्लेसमेंट

बिहार के छात्रो ने विप्रो टेक्नोलोजी के इंटरव्यू में शानदार प्रदर्शन कर एक बार फिर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है | सुदूर ग्रामीण इलाको के छात्रों के लिए ये एक सपने के सच होने के समान था| ये छात्रपटना में कैटलिस्ट कॉलेज संस्थान से बीसीए अथवा बीएससी-आईटी पाठ्यक्रम के अंतिम वर्ष में पढ़ रहे है | कैटलिस्ट कॉलेज में आज दिनांक 21 जून 2018 को आयोजित हुये कैंपस इंटरव्यू में विप्रो टेक्नोलोजिस के द्वारा कुल 81 छात्रों का चयन हुआ है| विप्रो टेक्नोलोजीज़ के इस 'पूल-कैम्पस ड्राइव' के तहत चयनित छात्रों को विप्रो द्वारा, जॉब के साथ-साथ 'बिट्स पिलानी' या 'वी.आई.टी-वेल्लोर' से एम.टेक. का कोर्स भी निःशुल्क कराया जायेगा | छात्रों को 28,000/- रु. प्रति माह तक का स्टाईपन दिया जायेगा| छात्रों को विप्रो टेक्नोलोजी के बैंगलोर, चेन्नई एवम पुणे के डेवलेपमेंट सेंटर में आई.टी.एनेलिस्ट एवं प्रोग्रामर के तौर पर नियुक्ति दी गयी है| इन छात्रो को कम्पनी द्वारा आधुनिक तकनीक का प्रशिक्षण दिया जायेगा एवम इनकी नियुक्ति इंजीनियरिंग के अभियार्थियों के समानांतर होगी |

छात्रों का चयन तीन स्तरीय प्रक्रिया से सफलतापूर्वक गुजरने के पश्चात् हुआ | इंटरव्यू के पहले राउंड में छात्रों की 'ऑन-लाइन' परीक्षा आयोजित की गई, जिसमें छात्रों से इंग्लिश, रिजनिंग तथा मैथेमेटिकल ऐप्टीटयूट के सवाल पूछे गए तथा इंग्लिश पैसेज राइटिंग की परीक्षा ली गयी | तत्पश्चात, पहले दौर में सफल छात्रों का 'टेक्निकल इन्टरव्यू' हुआ और उसमें सेसफल छात्रों का तृतीय दौर में एच.आर. इंटरव्यू आयोजित किया गया | कम्पनी के मानव संसाधन (ह्युमन रिसोर्स) प्रतिनिधि सूचि स्मिता सरकार ने छात्रो की प्रतिभा की तारीफ़ करते हुए बताया कि कैटलिस्ट कॉलेज पटना के छात्रों का गणित का ज्ञान एवम कम्प्यूटर प्रोग्रामिंग की क्षमता उन्हें इस जॉब के लिए उपयुक्त साबित करती है | इसी लिए इस वर्ष 2018 में कम्पनी ने पूर्वी भारत की हाइरिंग के लिए भुवनेश्वर एवम रांची के स्थान पर कैटलिस्ट कॉलेज पटना में हीतीनबार प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया है |

सफल छात्रों मे से प्रतिक कुमार, रोहित भारती, अंजली चौहान, मेघ, वरुण शांडिल्य, मनीष कुमार, पुरुषोत्तम कुमार, पायल कुमारी, सानिया, नाज़, समीर शेखर, अखिलेश कुमार, आयुष कुमार, अलोक सिन्हा, अभिकर्ष सिंह, सुमन सिंह, कुंदन साह, रविकांत पटेल, राकेश कुमार, खुशबु कुमारी, गुड्डू कुमार, विनीत कुमार, ममता सिंह, सूरज कुमार, राहुल कुमार, प्रियंका कुमारी, युक्ता गुप्ता, विवेक कुमार, शौर्य आनंद, नील नीरद, राहुल देव, मनीषा कुमारी, अमन दीप तथा गरिमा सिन्हा का चयन पहले दौर मे आयोजित कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव के माध्यम से हुआ जबकि दूसरे दौर मे कुमारी दीपशिखा, रौशन कुमार, शशांक कुमार, पायल जमुआर, रितेश कुमार मिश्रा, अभिषेक कुमार, पुजा राज, लवलीन, पारुल कुमारी, शुभम शर्मा,उज्ज्वल राज, शुभम सिन्हा, मोहित कुमार, पंकज राज, कुमार गौरव, प्रशांत पटेल, अनुराग कुमार,विशाल वर्मा, शुभम श्रीवास्तव, अभिषेक आनंद, अभिषेक कुमार, सोनल प्रिया, अभय रंजन,दामोदर नाथ पाण्डे, अश्वनी पाण्डे,सिमी साह, अंकिता शरण, मंजूषा कुमारी तथा आकृति कश्यपको विप्रो टेक्नोलॉजीज़द्वारा जॉब हेतु चयनित किया गया है|

इस अवसर पर छात्रों की खुशी देखते ही बनती थी | चयनित हुये छात्रों मे से कई छात्र ऐसे थे, जिनके बड़े भाई या बहनों ने कैटलिस्ट कॉलेज से ही पढ़ाई की थी और उन्हे भी विप्रो टेक्नोलॉजीज़ ने कैंपस ड्राइव के मध्यम से चयनित किया था | ऐसे ही कैटलिस्ट कॉलेज के बी.एस.सी.(आई.टी) की छात्रा युक्ता गुप्ता ने कहा कि ''यह सब सपने के सच होने जैसा है'|मेरी बड़ी बहन समीक्षा गुप्ता भी यहीं की छात्रा थी, एवं तीन वर्ष पहले उनका भी चयन विप्रो में हुआ था |" जबकि पुरुषोत्तम कुमार ने कहा कि 'मेरे बड़े भैया निरंजन ने भी कैटलिस्ट कॉलेज से ही पढ़ाई की थी, और पढ़ाई पूरा करने के पश्चात उनका विप्रो में प्लेसमेंट हुआ था | मैंने भी इसी सपने के साथ कैटलिस्ट कॉलेज ज्वाइन किया था, मुझे हार्दिक खुशी है कि आज मेरा वह सपना पूरा हो गया |' वहीं विप्रो टेक्नोलॉजीज़ मे इसी वर्ष चयनित हुये दो भाइयों दामोदर नाथ पाण्डे तथा अश्वनी पाण्डे ने कहा कि ' विप्रो टेक्नोलॉजीज़ मे हमारा प्लेसमेंट होना, हमारे सपनों के साकार होने जैसा है |"वहीँ बी.सी.ए. के अंजली चौहान ने ख़ुशी में झूमते हुए कहा कि 'कॉलेज में पढाई पूरी करने के पहले ही मुझे विप्रो टेक्नोलोजीज़ में जॉब मिल गया और वो भी कम्पनी स्पोंसर्ड एम.टेक. कोर्स के साथ, मेरे पास अपनी ख़ुशी व्यक्त करने के लिए शब्द नहीं है' |

इस कैम्पस प्लेसमेंट की जानकारी प्रदान करते हुए कैटलिस्ट कॉलेज के निदेशक नीरज अग्रवाल ने कहा कि वर्ष 2018 में कैम्पस प्लेसमेंट ड्राइव के तहत 'विप्रो टेक्नोलोजी' का कैटलिस्ट कॉलेज में अब तक तीन बार आगमन हो चुका है |' विप्रो टेक्नोलोजी' जैसी प्रख्यात आई.टी. कम्पनी का बिहार के किसी एक ही शिक्षण संस्थान में, एक ही वर्ष मे तीन-तीन बार आना अपने आप में एक उल्लेखनीय घटना है, और यह राज्य के छात्र की प्रतिभा को प्रतिबिम्बित करती है | विप्रो में पूर्व में हुए 150 छात्रों के प्लेसमेंट को मिलाकर अबतक कुल कैटलिस्ट कॉलेज के 211छात्रों को विप्रो द्वारा कैम्पस प्लेसमेंट के माध्यम से चयनित किया जा चूका है | चयनित छात्रों को कार्य के दौरान भविष्य में विदेशों में भी पदस्थापना मिलने की संभावना है | ज्ञात हो कि विप्रो के लगभग 90% क्लाइंट विदेशों में स्थित है |' इस अवसर पर कैटलिस्ट कॉलेज की सेंटर हेड मेघा अग्रवाल, डीन नीरज पोद्दार, एच.आर. हेड नेहा वर्मा तथा सभी शिक्षकों ने छात्रों को उनकी सफलता पर बधाई दी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की |

**क्या है खास :**

- अब तक पिछले चार वर्षो में कैटलिस्ट कॉलेज के कुल 210 छात्रों को विप्रो टेक्नोलॉजीज़ द्वारा चयनित किया गया है |
- सभी छात्रो को कंपनी के पेरोल नियुक्त किया गया है एवं कम्पनी का ही ऑफर लेटर जारी किया गया है यानि कि ये आउटसोर्स हाईरिंग नहीं है |
- छात्रों को प्रतिवर्ष बढती हुई दर से 16,000/- से लेकर 28,000/- रू तक प्रतिमाह तक का स्टाईपन मिलेगा |

- विप्रो द्वारा चयनित छात्रों को जॉब के साथ-साथ 'बिट्स-पिलानी' अथवा वेल्लूर इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलोजी से एम.टेक का कोर्स भी कराया जायेगा |इस कोर्स के लिए छात्रों को किसी भी प्रकार का कोई व्यक्तिगत खर्च नहीं करना होगा |
- चार साल के बाद जब इन छात्रों का एम.टेक पूरा हो जायेगा, तब इन्हें प्रमोशन के साथ 5 लाख से 7 लाख के पैकेज पर भारत या विदेश में विप्रो टेक्नोलॉजीज़ के विभिन्न डेवलेपमेंट सेंटर्स में प्रमोट किया जाएगा |



